SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 21/10/2019

Q1. किस राज्य सरकार ने राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है?

क. गुजरात सरकार

ख. केरल सरकार

ग. उत्तर प्रदेश सरकार

घ. बिहार सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है. लगाया गया यह प्रतिबंध राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षकों पर भी लागू होगा.

SarkariExam.Com

Q2. चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में किस इंडस्ट्रीज को 11,262 करोड़ रुपये का निवल (नेट) मुनाफा हुआ है?

क. टीसीएस इंडस्ट्रीज

ख. रिलायंस इंडस्ट्रीज

ग. गौतम अडाणी इंडस्ट्रीज

घ. गोदरेज इंडस्ट्रीज

मुकेश अम्बानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 11,262 करोड़ रुपये का निवल (नेट) मुनाफा हुआ है. यह मुनाफा पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 18.34 फीसदी अधिक है.

Q3. निम्न में से किस राज्य की अकाली दल पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखदेव सिंह ने राज्यसभा में पार्टी के ग्रुप लीडर के पद से इस्तीफा दे दिया है?

क. गुजरात

ख. पंजाब

ग. दिल्ली

घ. बिहार

हाल ही में पंजाब की अकाली दल पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखदेव सिंह ने राज्यसभा में पार्टी के ग्रुप लीडर के पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को भेज दिया है.

SarkariExam.Com

Q4. पकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के साथ सटी कितने एकड़ भूमि को भी गुरुद्वारा परिसर में शामिल कर लिया गया है?

क. 500 एकड़ भूमि

ख. 950 एकड़ भूमि

ग. 1450 एकड़ भूमि

घ. 1973 एकड़ भूमि

पकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के साथ सटी 1450 एकड़ भूमि को भी गुरुद्वारा परिसर में शामिल कर लिया गया है. इस सभी पवित्र खेतों में गुरु नानक देव ने 'खेती कर नाम जपो, किरत करो और वंड छको' का मानवतावादी संदेश दिया था.

Q5. वर्ल्ड के टॉप 10 उभरते पर्यटन स्थलों में भारत का कौन सा शहर शामिल हुआ है?

क. आगरा

ख. रांची

ग. जोधपुर

घ. इंदोर

वर्ल्ड के टॉप 10 उभरते पर्यटन स्थलों में भारत के पहली पसंद आगरा को पीछे छोड़कर राजस्थान के जोधपुर को शामिल किया गया है. वर्ष 2020 तक जोधपुर पूरी दुनिया में उभरते पर्यटक स्थलों में टॉप 10 में होगा.

SarkariExam.Com

Q6. हाल ही में किसने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के नामांकन को मंजूरी दे दी है?

क. रामनाथ कोविंद

ख. राजनाथ सिंह

ग. रामविलास पासवान

घ. निर्मला सीतारमण

हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के नामांकन को मंजूरी दे दी है. इस मंजूरी के बाद सैनिक स्कूल में 2021-22 सत्र से लड़कियों को प्रवेश मिल सकेगा.

Q7. रोहित शर्मा एक टेस्ट सीरीज में कितने छक्के लगाकर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है?

क. 14 छक्के

ख. 17 छक्के

ग. 22 छक्के

घ. 25 छक्के

रोहित शर्मा हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 17 छक्के लगाकर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है. उन्होंने वेस्टइंडीज के शिमरॉन हेटमायर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. रोहित से पहले भारत की तरफ से हरभजन सिंह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 छक्के लगाए थे.

SarkariExam.Com

Q8. जेट एयरवेज के पूर्व सीईओ विनय दुबे को किस एयरलाइन का सलाहकार नियुक्त करना चाहती है?

क. एयर एशिया इंडिया एयरलाइन

ख. गोएयर एयरलाइन

ग. स्पाइसजेट एयरलाइन

घ. विस्तारा एयरलाइन

जेट एयरवेज के पूर्व सीईओ विनय दुबे को गोएयर एयरलाइन का सलाहकार नियुक्त करना चाहती है. गोएयर एयरलाइन में मार्च से सीईओ का पद खाली है.

Q9. इनमे से किस क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में प्रथम श्रेणी स्तर के दो प्रशिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

ख. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड

ग. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड

घ. श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में लेग स्पिन गेंदबाजों को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने पर प्रथम श्रेणी स्तर के दो प्रशिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है.

SarkariExam.Com

Q10. पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुलाम बोदी को भ्रष्टाचार के मामले में कितने वर्ष की सजा सुनाई गयी है?

क. 3 वर्ष

ख. 5 वर्ष

ग. 7 वर्ष

घ. 12 वर्ष

पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुलाम बोदी को भ्रष्टाचार से जुड़े 8 मामलों में दक्षिण अफ्रीका की एक अदालत ने 5 वर्ष की सजा सुनाई गयी है. साथ ही दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने क्रिकेटर गुलाम बोदी के खेलने पर 20 साल का बैन भी लगा दिया है

Q11. नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, कौन सा राज्य देश का सबसे इनोवेटिव राज्य है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. पंजाब

घ. कर्नाटक

नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक राज्य देश का सबसे इनोवेटिव राज्य है. कर्नाटक के बाद तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना और हरियाणा शामिल है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे कम इनोवेटिव राज्यों में झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान हैं.

SarkariExam.Com

Q12. इनमे से कौन से कंपनी सब्सिडियरी विंग ड्रोन के माध्यम से पैकेज डिलीवरी करने वाली अमेरिका की पहली कंपनी बन गयी है?

क. माइक्रोसॉफ्ट

ख. अमेज़न

ग. अल्फाबेट

घ. फ्लिप्कार्ट

अल्फाबेट (गूगल) कंपनी हाल ही में सब्सिडियरी विंग ड्रोन के माध्यम से पैकेज डिलीवरी करने वाली अमेरिका की पहली कंपनी बन गयी है. एक परिवार ने विंग एप का प्रयोग करते हुए जहां दवाएं मंगाई, वहीं एक अन्य ने पत्नी के लिए बर्थडे गिफ्ट मंगवाया.

Q13. जनजातीय मंत्रालय ने "जीओएएल-गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्स" के दूसरे चरण के लिए नीति आयोग और किसके साथ साझेदारी की है?

क. गूगल

ख. फेसबुक

ग. ट्विटर

घ. माइक्रोसॉफ्ट

जनजातीय मंत्रालय के कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने हाल ही में जनजातीय महिलाओं के लिए "गोल" यानी "जीओएएल-गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्स" के दूसरे चरण के लिए नीति आयोग और फेसबुक के साथ साझेदारी की है इस "गोल" का उद्देश्य जनजातीय युवा महिलाओं को डिजिटल रूप से प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करना है.

SarkariExam.Com

Q14. प्रो कबड्डी लीग 7 का फाइनल जीतकर किस टीम ने प्रो कबड्डी लीग का अपना पहला ख़िताब जीत लिया है?

क. दबंग दिल्ली

ख. पटना पाईराट्स

ग. बंगाल वॉरियर्स

घ. बंगलौर बुल्स

प्रो कबड्डी लीग 7 का फाइनल जीतकर बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग का अपना पहला ख़िताब जीत लिया है. उन्होंने फाइनल मुकाबले में दबंग दिल्ली को 39-34 से हराकर यह ख़िताब जीत लिया है.

Q15. कोलंबो गजट की रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की ग्रे लिस्ट से किस देश को हटा दिया गया है?

क. जापान

ख. पकिस्तान

ग. मालदीव

घ. श्रीलंका

कोलंबो गजट की रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका को वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया है. श्रीलंका को आतंकवाद को फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के चलते 2016 में ग्रे लिस्ट में डाला गया था.

SarkariExam.Com

Q16. भारतीय टीम ओपनर रोहित शर्मा एक टेस्ट सीरीज़ में 3 शतक लगाने वाले ___ भारतीय ओपनर बन गए है?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

घ. पांचवे

भारतीय टीम ओपनर रोहित शर्मा एक टेस्ट सीरीज़ में 3 शतक लगाने वाले दुसरे भारतीय ओपनर बन गए है. उन्होंने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 176 और 127 रन और तीसरे टेस्ट में 130 गेंदों पर शतक बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया है.

#Q17. केंद्र सरकार ने किस राज्य के निजी शिक्षण संस्थाओं की महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने के लिए मंज़ूरी दे दी है?

क. पंजाब

ख. गुजरात

ग. केरल

घ. बिहार

केंद्र सरकार ने केरल के निजी शिक्षण संस्थाओं की महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने के लिए मंज़ूरी दे दी है. इस मंज़ूरी के साथ ही केरल राज्य ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जायेगा जहा पर महिलाओं को 26 हफ्ते का सवैतनिक अवकाश और चिकित्सकीय ज़रूरतों के लिए 1000 रुपये देने होंगे.

SarkariExam.Com

Q18. निम्न में से किस देश की दो महिला अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच और जेसिका मीर पावर ने एक साथ स्पेसवॉक कर इतिहास रच दिया है?

क. जापान

ख. अमेरिका

ग. रूस

घ. इराक

हाल ही में अमेरिका की दो महिला अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच और जेसिका मीर पावर ने एक साथ स्पेसवॉक कर इतिहास रच दिया है. नासा में पहली बार बिना किसी पुरुष अंतरिक्ष यात्री के 2 महिला अंतरिक्ष यात्रियों की जोड़ी ने स्पेसवॉक किया है.

Q19. रोहित शर्मा टेस्ट और वनडे में दोहरा शतक लगाकर तीसरे भारतीय और दुनिया के कौन से बल्लेबाज बन गए है?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

घ. चौथे

रोहित शर्मा टेस्ट और वनडे में दोहरा शतक लगाकर तीसरे भारतीय और दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए है. उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल यह रिकॉर्ड बना चुके है. साथ ही वे 19 छक्के लगाकर टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाए वाले बल्लेबाज बन गए है.

SarkariExam.Com

Q20. भारत और किस देश के बीच हाल ही में 4 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है?

क. जापान

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. फिलीपींस

घ. चीन

भारत और फिलीपींस देश के बीच हाल ही में 4 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है. इस समझौतों पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और फिलीपींस के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने हस्ताक्षर किये. इस समझौतों का उद्देश्य दोनों देश के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समुद्री, पर्यटन तथा संस्कृति को बढ़ावा देना है.

SarkariExam.Com